दिनांक–08.05.2026 को माननीय मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की अध्यक्षता में विभागीय पदाधिकारियों के साथ प्रस्तुतीकरण की कार्यवाही :–

➢ **सर्वप्रथम माननीय मंत्री महोदय का सभी विभागीय पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया एवं अपना परिचय दिया गया। मुख्य अभियंता (अनुश्रवण) द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभागीय कार्यों से अवगत कराया गया। माननीय मंत्री महोदय द्वारा बैठक के क्रम में निम्न निदेश दिए गएः–**

1. सभी योजनाओं (गुणवत्ता / गैर–गुणवत्ता) के चालू रखने हेतु सतत् प्रयास सभी स्तर से किए जाए।
2. निर्माणाधीन विभागीय कार्यालय भवन (मुख्यालय) के निर्माण में गति लाने हेतु मानव बल बढ़ाने का निदेश दिया गया।
3. लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना द्वारा जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार से बहुग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं सहित अन्य योजनाओं के लिए जल जीवन मिशन (JJM) अंतर्गत वित्तीय सहायता हेतु प्रस्ताव समर्पित है, इस संबंध में जल जीवन मिशन (JJM) से आवश्यक समन्वय किया जाए।
4. समीक्षा के क्रम में सभी मुख्य अभियंता को अपने अधीनस्थ सभी अधीक्षण अभियंता के कार्यालयों, सभी अधीक्षण अभियंता को अपने अधीनस्थ कार्यपालक अभियंता के कार्यालयों, सभी कार्यपालक अभियंता को अपने अधीनस्थ सभी सहायक अभियंता के कार्यालयों एवं सभी सहायक अभियंता को अपने अधीनस्थ कनीय अभियंता के कार्यालयों का औचक निरीक्षण प्रत्येक सप्ताह में एक दिन करते हुए निरीक्षण प्रतिवेदन अपने नियंत्री पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित करने का निदेश दिया गया। सभी पदाधिकारियों को निदेशित किया गया औचक निरीक्षण का फोटोग्राफ / प्रतिवेदन MIS Portal पर भी अवश्य अपलोड करेंगे। अपर सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को औचक निरीक्षण का अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया।

   अनुपालनः–अपर सचिव / सभी मुख्य अभियंता / सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी सहायक अभियंता।
5. समीक्षा के क्रम में यह निदेश दिया गया कि CGRC Portal से प्राप्त शिकायतों का यथासंभव 10 दिनों के अंदर निराकरण किया जाए।
6. समीक्षा के क्रम में यह निदेश दिया गया कि मुख्यालय स्तर पर प्रत्येक मंगलवार के आहुत समीक्षात्मक बैठक में दिए गए निदेश का अनुपालन अगले प्रस्तावित समीक्षात्मक बैठक से पहले हो जाए, यह सुनिश्चित किया जाए।

   अनुपालनः–अभियंता प्रमुख सह–विशेष सचिव (मु0 / का0प्र0) / सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता / सभी अधीक्षण अभियंत / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी सहायक अभियंता।

7. Tanker की समीक्षा के क्रम में यह निदेश दिया गया कि ग्रीष्मकालीन स्थिति में पेयजल संकट को देखते हुए दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, नवादा एवं नालंदा जिलों में आवश्यकतानुसार टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए।

अनुपालनः—सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता।

8. समीक्षा के क्रम में यह निदेश दिया गया कि भविष्य में विभाग द्वारा की जाने वाली निविदाओं में वैसे निविदाकार जिनके द्वारा विभागीय जलापूर्ति योजनाओं में पूर्व से लंबित विद्युत विपत्रों का पूर्ण भुगतान नहीं किया गया हो, को भविष्य में की जाने वाली निविदाओं में भाग लेने से वंचित किया जाए।

अनुपालनः—सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता।

9. समीक्षा के क्रम में यह निदेश दिया गया कि अधौरा ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना में उपयोग में लाए जा रहे पाईप की गुणवत्ता की जांच मुख्यालय स्तर से कराना सुनिश्चित करेंगे।

अनुपालनः— अभियंता प्रमुख—सह—विशेष सचिव (मु0)।

10. सभी कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि सरकारी होर्डिंग्स के माध्यम से CGRC शिकायत हेतु टोल—फ्री नंबर, जिला नियंत्रण कक्ष का नं0 एवं शिकायत दर्ज करने कि प्रक्रिया को प्रदर्शित करना सुनिश्चित करेंगे।

अनुपालनः—सभी कार्यपालक अभियंता।

11. माननीय मंत्री महोदय द्वारा निदेशित किया गया कि विभागीय बिल्डिंग तथा MVS से संबंधित योजनाओं के कार्य प्रगति के संबंध में संबंधित वरीय पदाधिकारियों/संवेदक/एजेंसी के साथ दिनांक—09.05.2026 को बैठक निर्धारित किया जाए।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न की गई।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव

ज्ञापांकः—14/बै0क —102/24—392 दिनांक— 18/5/26

प्रतिलिपिः— सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रक्षेत्र, बिहार/सभी अधीक्षण अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल/सभी कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बिहार/सभी सहायक यांत्रिक अभियंता—सह नोडल पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक अवर प्रमंडल, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/5

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख—सह—विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/वि०क–102/24–392 दिनांक– 18/5/26

प्रतिलिपिः– अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0/का0प्र0)/अपर सचिव/सभी मुख्य अभियंता (उत्तर बिहार/दक्षिण बिहार/यांत्रिक/अनुश्रवण)/अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0) के प्रावैधिक सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी/बजट पदाधिकारी/आइटी मैनेजर/संबंधित सहायक अभियंता/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/वि०क–102/24–392 दिनांक– 18/5/26

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/वि०क–102/24–392 दिनांक– 18/5/26

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री के आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)